# बिहार सरकार,
# शिक्षा विभाग।

## कार्यालय आदेश

संचिका संख्या : 09/विविध–10/2017 ................ /श्रम संसाधन विभाग के अन्तर्गत निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण, बिहार, पटना नियंत्रणाधीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से दो या दो वर्ष से अधिक अवधि के व्यावसायों के प्रशिक्षणार्थियों को 10वीं एवं 12वीं के समकक्ष मान्यता एवं संकाय निर्धारण का प्रस्ताव विचाराधीन था। सम्यक् विचारोपरान्त श्रम संसाधन विभाग के अन्तर्गत निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण, बिहार, पटना नियंत्रणाधीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित दो वर्षीय पाठ्यक्रम जिसका प्रमाण पत्र नेशनल कॉसिंल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (NCVT)/स्टेट कॉसिंल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (SCVT) द्वारा दिया जाता है को 10वीं एवं 12वीं की समकक्ष निम्न शर्त्तों के अधीन मान्यता प्रदान करने का निर्णय लिया गया है :–

1. <u>कक्षा 10वीं की समकक्षता :–</u>

   (i) कक्षा 8वीं उत्तीर्ण करने के पश्चात् दो या दो से अधिक वर्ष का नेशनल कॉसिंल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (NCVT)/स्टेट कॉसिंल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (SCVT) से मान्यता प्राप्त कोर्स में प्रवेश लेने तथा उक्त कोर्स का प्रथम वर्ष उत्तीर्ण कर लेने के पश्चात् विद्यार्थी यदि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से कक्षा 10वीं के लिए निर्धारित कोर्स अनुसार अंग्रेजी एवं हिन्दी विषय की परीक्षा उत्तीर्ण कर लेते है तो उन्हें आगे की शिक्षा में प्रवेश हेतु 10वीं उत्तीर्ण के समकक्ष माना जायेगा।

   (ii) उपरोक्त दोनों विषय हिन्दी एवं अंग्रेजी की परीक्षा तथा आई0टी0आई0 की परीक्षा सम्मिलित रूप से उतीर्ण करने के उपरान्त ही कक्षा 10वीं उत्तीर्ण के समकक्ष माना जायेगा। यह समकक्षता उसी स्थिति में देय होगी जब हिन्दी एवं अंग्रेजी की परीक्षा एक ही वर्ष में तथा आई0टी0आई0 के उतीर्ण वर्ष के साथ अथवा उसके बाद उतीर्ण की है।

   (iii) कक्षा 8वीं उत्तीर्ण करने के पश्चात् नेशनल कॉसिंल फॉर वोकेशनल ट्रेनिग (NCVT)/स्टेट कॉसिंल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (SCVT) के दो या दो से अधिक वर्षो का मान्यता प्राप्त कोर्स उतीर्ण (आदेश के पूर्व एवं पश्चात) कर चुके विद्यार्थी 10वीं की समकक्षता हिन्दी एवं अंग्रेजी की परीक्षा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से उतीर्ण करने पर प्राप्त कर सकेंगे।

2. <u>कक्षा 12वीं की समकक्षता :–</u>

   (i) कक्षा 10वीं उत्तीर्ण करने के पश्चात् दो या दो से अधिक वर्ष का नेशनल कॉसिंल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (NCVT)/स्टेट कॉसिंल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (SCVT) से मान्यता प्राप्त कोर्स में प्रवेश लेने तथा उक्त कोर्स का प्रथम वर्ष उत्तीर्ण कर लेने के पश्चात् विद्यार्थी यदि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से कक्षा 12वी के लिए निर्धारित कोर्स अनुसार अंग्रेजी एवं हिन्दी विषय की परीक्षा उत्तीर्ण कर लेते है तो उन्हें आगे की शिक्षा में प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण के समकक्ष माना जायेगा।

(ii) उपरोक्त दोनों विषय हिन्दी एवं अंग्रेजी की परीक्षा तथा आई0टी0आई0 की परीक्षा सम्मिलित रूप से उतीर्ण करने के उपरान्त ही कक्षा 12वीं उत्तीर्ण के समकक्ष माना जायेगा। यह समकक्षता उसी स्थिति में देय होगी जब हिन्दी एवं अंग्रेजी की परीक्षा एक ही वर्ष में तथा आई0टी0आई0 के उतीर्ण वर्ष के साथ अथवा उसके बाद उतीर्ण की है।

(iii) कक्षा 10वीं उत्तीर्ण करने के पश्चात् नेशनल कॉसिंल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (NCVT)/स्टेट कॉसिंल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (SCVT) के दो या दो से अधिक वर्षो का मान्यता प्राप्त कोर्स उतीर्ण (आदेश के पूर्व एवं पश्चात) कर चुके विद्यार्थी 12वीं की समकक्षता हिन्दी एवं अंग्रेजी की परीक्षा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से उतीर्ण करने पर प्राप्त कर सकेंगे।

3. संकाय निर्धारण :–

उक्त सभी बिन्दुओं में वर्णित शर्त्तो को पूर्ण करने के उपरान्त उच्च शिक्षा एवं अन्य उद्देश्य हेतु बारहवीं की समकक्षता प्राप्त करने वाले छात्रों को विज्ञान संकाय (गणित, भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र) से उतीर्ण छात्र माना जायेगा। बारहवीं की समकक्षता प्राणिशास्त्र/वनस्पतिशास्त्र अथवा कृषि संकाय के लिए नहीं होगी।

ह0/–
(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव।
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 09/विविध–10/2017 ........342 पटना, दिनांक 9/7/2018

प्रतिलिपि : माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के निजी सचिव/मुख्य सचिव, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/प्रधान सचिव, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/प्रधान सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/प्रधान सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी जिला पदाधिकारी/निदेशक, माध्यमिक शिक्षा/निदेशक, उच्च शिक्षा/निदेशक, प्राथमिक शिक्षा/सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/सभी उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा/सहायक निदेशक, माध्यमिक शिक्षा/प्रभारी पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

9/7/18
सरकार के उप सचिव।
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

E:\Sec.Edu\Office Order-R.86

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**विज्ञप्ति सं0—PR............... / 2019**

**औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) परीक्षा, 2019 में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्रा / अभिभावक एवं सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान को आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सभी **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान को सूचित किया जाता है कि श्रम संसाधन विभाग, बिहार के पत्रांक—रा०रा०—टी—2 / नामां—05 / 2016—2663 दिनांक 28.11.2018 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों की बारहवीं के समकक्ष मान्यता प्राप्त करने हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक** स्तरीय भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) परीक्षा, 2019 में सम्मिलित होने हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (I.T.I.) में प्रथम वर्ष उत्तीर्ण एवं द्वितीय वर्ष अध्ययनरत अथवा **औद्योगिक प्रशिक्षण परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।**

**उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रशिक्षणार्थियों की अर्हता :—**

(i) कक्षा 10वीं उत्तीर्ण हो ।

(ii) बिहार राज्य के अन्तर्गत भारत सरकार (NCVT) एवं बिहार सरकार (SCVT) से मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के अभ्यर्थी ही इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

(iii) कक्षा 10वीं उत्तीर्ण करने के पश्चात् दो या दो से अधिक वर्ष का औद्योगिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम जो **National Council For Vocational Training (NCVT)/ State Council For Vocational Training (SCVT)** से मान्यता प्राप्त कोर्स में प्रवेश लेकर उक्त कोर्स में प्रथम वर्ष उत्तीर्ण कर लेने के पश्चात् विद्यार्थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

(iv) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

2. औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) परीक्षा, 2019 हेतु परीक्षा आवेदन—पत्र को **समिति के वेबसाईट www.biharboard.online द्वारा दिनांक 15.02.2019 से 07.03.2019 तक डाउनलोड कर सकते हैं।**

आवेदन पत्र डाउनलोड करने के लिए **Steps** का **Flow Diagram** निम्नवत् है :—

**Step 1 Click on ⟶ www.biharboard.online**

**Step 2 Click on ⟶ INDUSTRIAL TRAINING HIGHER LEVEL LANGUAGE (HINDI AND ENGLISH) EXAMINATION, 2019 Application form 2019**

**Step 3 Click on ⟶ Download the pdf version of Application form 2019 .**

3. अभ्यर्थी डाउनलोड किये गये परीक्षा आवेदन पत्र को विधिवत भर कर निर्धारित अवधि में दिनांक 15.02.2019 से 07.03.2019 तक संबंधित संस्थान के प्रधान / प्रभारी के कार्यालय में जमा करेंगे। संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान / प्रभारी प्राप्त आवेदन पत्रों को समिति के वेबसाइट www.biharboard.online पर दिनांक 15.02.2019 से 11.03.2019 तक अपलोड करेंगे। किसी भी परिस्थिति में ऑनलाईन माध्यम को छोड़ कर अन्य माध्यम से परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। **ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र में फोटो (4.5cm×3.5cm) एवं हस्ताक्षर स्कैन कर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा अपलोड किया जायेगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान अभ्यर्थी के आवेदन पत्र अपलोड करते समय अभ्यर्थी का नाम / पिता का नाम / माता का नाम / लिंग / जन्मतिथि / कोटि आदि से संबंधित महत्वपूर्ण विवरणी की प्रविष्टि शुद्ध—शुद्ध अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। ऑनलाईन अपलोड करने हेतु** समिति द्वारा सभी संस्थान के प्रधान को User Id एवं **Password उपलब्ध कराया जायेगा।**

**जा सकता है तथा किसी प्रकार की सूचना E-mail Id-bsebsehelpdesk@gmail.com पर भेजा सकता है।**

अतः उक्त के आलोक में सभी संबंधितों से अनुरोध है कि परीक्षा आवेदन समर्पण जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने एवं निर्धारित शुल्क जमा करने की प्रक्रिया में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के०वि० 46 /2019 पटना, दिनांक 12 / 02 /2019
प्रतिलिपि–जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा, समिति, पटना को सूचनार्थ एवं दिनांक 13/2/19 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के०वि० 46 /2019 पटना, दिनांक 12 / 02 /2019
प्रतिलिपि – निदेशक/उप निदेशक, आई०टी० (माध्यमिक प्रभाग), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के०वि० 46 /2019 पटना, दिनांक 12 / 02 /2019
प्रतिलिपि – मेसर्स डाटा सॉफ्ट कम्प्यूटर सर्विसेज़ प्रा०लि०, दिल्ली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के०वि० 46 /2019 पटना, दिनांक 12 / 02 /2019
प्रतिलिपि – निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम संसाधन विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना